तापमान
अधिकतम 26 .4 डिग्री
न्यूनतम 6 .6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

12 मांगों को लेकर कर्मचारी संगठनों ने सरकार...



12 डीएवी कॉलेज की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### पानीपत में शराब तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने दीवाना रेलवे रोड पर रहेड़ी पर अवैध शराब बेच रहे अमर सिंह पुत्र राजपाल निवासी दीवाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी अमर सिंह के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### साइबर ठगों से सावधान रहें: पुलिस अधीक्षक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारे जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदात कर रहे है।

### 14 को होने वाली खाप की बैठक स्थगित

**उचाना।** सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां के सचिव रामपाल झील ने बताया कि जो 14 फरवरी उचाना मंडी के अग्रसेन मंदिर में एक प्रधान एक चबूतरा के लिए जो मीटिंग होनी थी वो स्थागित कर दी गई। 15 फरवरी को खाप के पालवां चबूतरे पर खाप कमेटी की तरफ से आगामी कार्यकारिणी चुनने के लिए विचार-विमर्श को लेकर मीटिंग बुलाई है। खाप के सभी गांव से लोग इसमें शामिल होंगे। कार्यकारिणी के चुनाव की तारीख तय की जाएगी। इस मौके पर सूरजभान घसो, राजकुमार डूमरखा कलां, सूरजभान डूमरखा खुर्द, जिले सिंह पालवां, सूरजमल पालवां, दलबीर खेड़ी मंसानिया, रमेख मखंड, महावीर मंगलपुर मौजूद रहे।

### चार किलो गांजे के साथ तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**जींद।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव के पास पुलिस ने नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से चार किलो 158 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान भैणी महाराजपुर निवासी सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मालवी गांव के आसपास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम का गठन किया गया है।

*हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ियों के आवागमन से वातावरण बनने लगा*

# महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही जिले में गूंजने लगे बम-बम भोले के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महाशिवरात्रि का पर्व मनाए जाने में अब मात्र दो दिन शेष बचे हैं। जिसके लिए कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर बम-बम भोले की जयकार करते हुए अपने गंतव्य पर बढ़ने लगे हैं।

जिससे सड़कों पर कांवड़ियों के जयकारों से वातावरण शिवमय बनने लगा है। वहीं प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए मार्गों र कड़े इंतजाम कर दिए हैं। वीरवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिन भर कांवड़ियों के जत्थे जिले की सड़कों पर बम-बम भोले का जयघोष करते

■ करनाली गेट स्थित ज्वेलर्स से लूट की वारदात का खुलासा

हुए अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। इन जत्थों में ज्यादात्तर पंजाब, हिमाचल व जम्मू के कांवड़िए थे। पंजाब के गुरदासपुर से शोभित, विकास, मोहित व कुलदीप आदि ने बताया कि वह पिछले सात वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य पर जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। जिससे उन्हें न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि उनकी मन्नत भी पूरी होती है।

### सुरक्षा के लिए किए कड़े इंतजाम

महाशिवरहात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। वहीं शिव मंदिरों को आकर्षक रुप से सजाया गया है। खास बात यह है कि जिले भर में कई स्थानों पर कांवड़ियों के जलपान के लिए शिविर लगाए गए हैं। वहीं, शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिव धाम मंदिर के पंडित नरेश गौतम ने बताया कि इस बार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। जिसके लिए शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा।

### रादौर में ऐतिहासिल मेले का होगा आयोजन

रादौर। कस्बा के गांव बापा में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री प्राचीन मैदानेश्वर महादेव मंदिर में 15 फरवरी को प्राचीन व ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। गांव के सरपंच परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करके पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के क्षेत्र में सबसे बडा मेला गांव बापा के श्री प्राचीन मैदानेश्वर महादेव मंदिर में लगता है। मौके पर श्रद्धालुओं के लिये भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। सरपंच ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि मंदिर के ऊपर आज तक छत का निर्माण नहीं हो पाया है। जब भी इस मंदिर पर ग्रामीण छत का निर्माण करवाने की कोशिश करते हैं तो छत अपने आप नीचे गिर जाती है। यही वजह है कि शिवलिंग को खुले में स्थापित किया गया। तभी से मंदिर का नाम मैदानेश्वर महादेव मंदिर के नाम से पुकारा जाने लगा। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में खुदाई के दौरान शिवलिंग पाया गया था। जिसे बाद में मंदिर में स्थापित किया गया। मंदिर की खासियत यह है कि शिवरात्रि के दिन हिन्दू-मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोग मंदिर में माथा टेकने पहुंचते हैं। प्राचीन काल से मंदिर में शिवरात्रि के दिन मेले का आयोजन होता रहा हैं।

## योग हमारा स्वभाव, योग से ही होनी चाहिए दिन की शुरूआत

# साधारण परिवार में पैदा हुए भारत के नागरिक ज्ञान योग व चरित्र से सभी बहुत धनवान: स्वामी रामदेव

**स्वामी रामदेव, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य ने ग्राउंड परिसर में पौधरोपण और मंच से किया दीप प्रज्जवलित**

### देश को वेदों की लौटने का संदेश देने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि हम किसी साधारण परिवार में जरूर पैदा हुए होंगे, पर ज्ञान, योग व चरित्र से सभी बहुत ही धनवान हैं और इस उपलब्धि को निरंतर बरकरार रखना है। देश के प्रत्येक मनुष्य की सोच बड़ी और मेहनत कड़ी होनी चाहिए। इसी नीति के साथ आगे बढ़ते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचने तक रुकना नहीं चाहिए।

आज में देश को वेदों की लौटने का संदेश देने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती को याद कर रहे हैं। वेद हमारी संस्कृति का मूल है। सनातन धर्म के हम उपासक हैं। ज्ञान की विद्या के उपासक होकर जाने वाले ऋषियों के अंश हैं। योग हमारा स्वभाव है और दिन की शुरूआत ही योग से होनी चाहिए। योग ऋषि स्वामी रामदेव श्रीमद भगवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्वामी रामदेव ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य के साथ ग्राउंड परिसर में पौध रोपण और मंच से दीप प्रज्जवलित किया।







कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्जवलित करते स्वामी रामदेव, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य और विद्यार्थियों को संबोधित करते स्वामी रामदेव।

### प्रदेश के 55 लाख नागरिकों ने किया पंजीकरण : जयदीप आर्य

हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर्मयोगी हैं, जो प्रतिदिन सुबह की शुरूआत योग के साथ करते हैं और इसी योग के कारण रात को 12 बजे तक प्रदेश के विकास कार्यों और आमजन के लिए काम करते हैं। इसी तरह योग ऋषि बाबा रामदेव तपस्वी, संत, योग योद्धा हैं और गुरुओं की प्रथा को आगे बढ़ा रहे हैं। इतना ही नहीं शिक्षा की क्रांति में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से चल रहे सूर्य नमस्कार अभियान में इस बार 55 लाख लोगों ने पंजीकरण दर्ज करवाया है। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से प्रदेश में सूर्य नमस्कार अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसको आज महर्षि दयानंद जयंती के अवसर पर संपन्न किया जा रहा है। वर्ष 2022 में 114 करोड़, वर्ष 2023 में 20 लाख, वर्ष 2024 में 40 लाख, वर्ष 2025 में 46 लाख लोगों ने सूर्य नमस्कार किया। चेयरमैन जयदीप आर्य ने कहा कि इस वर्ष सूर्य नमस्कार को सफल बनाने में आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जेल विभाग ने सहयोग दिया।



### मुख्यमंत्री योग का प्रचार प्रसार करने में निभा रहे हैं अग्रणी भूमिका : सुभाष सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि योग हमारी संस्कृति का प्राचीन हिस्सा है। इस संस्कृति को देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का कार्य योग ऋषि स्वामी रामदेव ने किया है। अब तो हमारा योग विश्व स्तर पर अपना दबदबा बना चुका है। विश्व के लगभग सभी देशों ने भारत की इस प्राचीन सभ्यता को अपनाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी योग का प्रचार प्रसार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सरकार द्वारा योग को फलीभूत करने के लिए हरियाणा योग आयोग का गठन किया। जो योग का खूब प्रचार कर सकते हैं। इस आयोग द्वारा अब तक कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती संस्थान भी देश को आगे लेकर जाने में अपना पूर्ण सहयोग दे रहा है।

### 3000 युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार

इस कार्यक्रम में करीब 3000 युवाओं ने एकसाथ सूर्य नमस्कार भी किया। स्वामी रामदेव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सूर्य नमस्कार का अभ्यास ही नहीं करना है, बल्कि सूर्य की भांति तेज भी बनना है। सूर्य सुबह निकलते ही अंधेरे को अपने प्रकाश से पूर्णत दूर कर देता है। हमारे युवाओं का शरीर फौलादी और मस्तिष्क ज्ञानवान बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में योग की भावना होनी चाहिए और रोजाना सुबह उठकर सभी को कम से कम एक-एक मिनट तक पांच योग जरुरत करने चाहिए। इनमें भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी शामिल हैं। इसके अलावा सूर्य नमस्कार करने से तो पूरी शरीर में ऊर्जा का संचार हो जाता है। स्वामी रामदेव ने कहा कि संस्कृति, सनातन धर्म के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है। सुबह उठकर योग करने वाला ही सच्ची सनातनी कहा जाता है। योग हमारी जीवन पद्धति है। जो योग जो नहीं जीता वो सनातन को कैसे जी पाएगा। युवाओं को शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र को लेकर काम करना चाहिए। अपने मनों में उच्च भावना रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कुरुक्षेत्र की धरती है। इस धरती से गीता का संदेश दिया गया। गीता का मूल संदेश ब्रह्म विद्या, योग विद्या को बताया है। गीता योग शास्त्र है। इस धरती पर सूर्य नमस्कार होना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि योग करने युवाओं में स्वामी रामदेव, महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद की आत्मा और ऋषियों की चेतना देखता हूं।

**यह रहे मौजूद:** इस मौके पर आयुष विभाग के अतिरिक्त निदेशक बिजेंद्र हुड्डा, हरियाणा साहित्य अकादमी निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा, हरियाणा योग आयोग के उपाध्यक्ष डा. रोशन लाल, योग कोऑर्डिनेटर कुरुक्षेत्र डा. जागीर सिंह, डा. ऋषिराज, अशोक रोशा, विजय नड्डा, प्राचार्य अनिल मदान, डा. मनीष कुकरेजा, ईश कुमार आर्य, गुलशन ग्रोवर, युद्धवीर, डा. निरुपमा भट्ट, राममेहर, मनजीत सिंह, डा. संदीप गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 1065 नशीली गोलियों सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस अधीक्षक करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार अवैध नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल की सीआईए-2 टीम ने एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के कुशल नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार की अध्यक्षता में की गई कार्रवाई के दौरान आरोपी अमर पुत्र लीला राम, निवासी गांव सोकड़ा, जिला करनाल को तरावड़ी क्षेत्र से काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1065 अल्प्राजोलम नशीली गोलियां और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। मामले की गहन जांच जारी है तथा आरोपी के अन्य साथियों और नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े संभावित लिंक की भी गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर-कुरुक्षेत्र मार्ग पर गांव औरंगाबाद पुल के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पश्चिम बंगाल निवासी बिस्टू दास ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी लोकी व एक साल की बेटी पायल के साथ औरंगाबाद में रह रहा था। वह बुधवार को पत्नी लोकी के साथ औरंगाबाद पुल के पास गया था। दोनों देर शाम वापस गांव औरंगाबाद लौट रहे थे। जब से हीरा फैक्ट्री के पास सड़क पार कर रहे थे तभी यमुनानगर की ओर से एक ट्रैक्टर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलता हुआ आया और उसकी पत्नी लोकी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पत्नी नीचे गिर गई और उसे गंभीर चोटें आई। ट्रैक्टर ड्राइवर वाहन को छोड़कर फरार हो गया। हादसे में बेटी पायल बाल बाल बची। उसने अपनी पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

■ पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया

## गन पॉइंट पर लूट के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ करनाली गेट स्थित ज्वेलर्स से लूट की वारदात का खुलासा

जिला पुलिस करनाल द्वारा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गन पॉइंट पर लूट की गंभीर वारदात में शामिल दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरजीत राम पुत्र डोगर राम, निवासी बाहरसाहब, जिला पटियाला (पंजाब) तथा हरीश कुमार पुत्र लछमन राम, निवासी शोरगुल मोहल्ला, तरावड़ी, जिला करनाल के रूप में हुई है। इस मामले में पहले ही विकास उर्फ नोनी पुत्र बलराज, निवासी क्योड़क, कैथल को गिरफ्तार किया जा चुका है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि दिनांक 30 दिसंबर 2025 की रात्रि करनाली गेट स्थित मुंशी राम ज्वेलर्स की दुकान पर अज्ञात युवकों ने दुकान मालिक को गन पॉइंट पर धमकाकर गल्ले से लगभग 1 से 1.25 लाख रुपये नकद लूट लिए थे और मौके से फरार हो गए थे।



### जांच तेज

शिकायत के आधार पर थाना तरावड़ी में मुकदमा संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया। जांच के दौरान पहले आरोपी विकास उर्फ नोनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसका 4 दिन का पुलिस रिमांड मंजूर हुआ। पूछताछ के दौरान उसने अपने दो साथियों गुरजीत राम व हरीश कुमार के नाम उजागर किए। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को काबू कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उनका 2 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ कर वारदात का पूरा खुलासा किया जा रहा है।

## स्नेचर को 5 साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अदालत ने स्नेचिंग के एक आरोपी को मुजरिम करार देते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने मुजरिम पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माने की अदायगी न होने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। वारदात 28 अप्रैल 2022 की है। थाना पड़ाव में पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर थाना पड़ाव में आरोपी के खिलाफ छीनाझपटी का मामला दर्ज हुआ था।

### 2022 के मामले फैसला

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दिवाकर को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए थे। इसी आधार पर जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी दिवाकर को मुजरिम करार देते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये का जुर्माने की सजा सुनाई।

■ अदालत ने 25 हजार रुपये जुर्माना भी ठोका

## बाइक की चाबी न देने पर दोस्तों ने गर्दन पर कटर से किया वार

**यमुनानगर।** बाइक की चाबी न देने पर दोस्तों ने गांव अलाहर निवासी आर्यन की गर्दन पर कटर से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों से उसे पीजीआई रेफर कर दिया। मगर परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन आरोपी युवकों पर केस दर्ज किया है। गांव अलाहर निवासी आर्यन ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रादौर स्थित इस्जैक फैक्ट्री में कार्य करता है। आठ फरवरी को वह चचेरे भाई कार्तिक के साथ बाइक पर कपालमोचन गया हुआ था। साथ में गांव के ही हिमांशु, विशाल व शिवम भी अपनी बाइक पर गए थे। जब वहां से घूमकर वापस दामला में पहुंचे तो वह वहां पर पेशाब करने के लिए रूक गए। तभी कार्तिक ने उससे बाइक की चाबी मांगी। उसे चाबी देने से मना कर दिया। इस बात पर हिमांशु, विशाल व शिवम ने उससे गाली गलौज करने लगे और मारपीट की। बात बढ़ने पर शिवम ने जेब से कटर निकाला और उसकी गर्दन पर वार कर दिया। जिससे घायल हो गया। वह किसी तरह आरोपियों से बचकर बाइक लेकर चलने लगा तो खून बहने से उसे चक्कर आ गया और सड़क पर जा गिरा। परिजनों ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रैफर कर दिया। मगर परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां उसका इलाज चल रहा है।

■ गंभीर हालत में युवक अस्पताल में उपचाराधीन

## कार्यकारिणी परिषद की 290वीं बैठक में 14 अहम मुद्दों पर चर्चा

*कुवि की ईसी की बैठक में वार्षिक बजट पारित*

# 746 करोड़ 62.86 लाख का बजट पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की 290वीं बैठक में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 746 करोड़ 62 लाख 86 हजार रुपये का बजट पारित किया गया। बैठक में कुवि की वित्त अधिकारी कंचन बाला द्वारा बजट की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट-2025 को भी पारित किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा ने प्रस्तुत की। बैठक में 30 दिसंबर 2025 को आयोजित कार्यकारी परिषद की बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई।



### वित्त समिति की बैठक की सिफारिशों पर भी विचार किया

कार्यकारिणी परिषद की बैठक में 14 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में 10 फरवरी 2026 को आयोजित वित्त समिति की बैठक की सिफारिशों पर भी विचार किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं अन्य सोशल मीडिया उपयोगकतार्ओं के लिए सोशल मीडिया नीति/दिशानिर्देश तैयार करने संबंधी समिति की सिफारिशों पर भी चर्चा हुई। परिषद ने संस्थान की गरिमा एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु नीति निर्माण की दिशा में सहमति व्यक्त की। बैठक में आईसीआईपीएस (इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंडो-पैसिफिक स्टडीज) के निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त डॉ. वी.एन. अत्री के पुनर्नियोजन की अवधि छह माह के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया। वर्ष 2025-26 के लिए निजी चिकित्सकों/विशेषज्ञों के पैनल के अनुमोदन तथा परामर्श शुल्क में वृद्धि संबंधी स्थायी समिति की सिफारिशों पर भी चर्चा कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान की गई।

### बैठक में कार्यकारिणी परिषद के सदस्य भी मौजूद रहे

*कार्यकारिणी परिषद की बैठक में अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय, सेरधा (कैथल) का नाम बदलकर अमरनाथ भगत जयराम राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेरधा (कैथल) करने के प्रस्ताव को भी परिषद ने अनुमोदित किया। बैठक में गुणवत्ता शोध एवं शिक्षण के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहन देने संबंधी दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। इस बैठक में कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पॉल सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।*

**खबर संक्षेप**

### युवती ने युवकों पर लगाया ब्लैकमेल करने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर के रेलवे रोड निवासी 28 वर्षीय युवती ने दो युवकों पर उसके व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी युवकों ने उसके अश्लील फोटो बनाए हुए हैं। आरोपी फोटो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी संबंध बनाने का दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के रेलवे रोड निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शहर के ईस्ट भाटिया नगर निवासी हार्दिक व उसका साथी गगन सिंह उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। उसके पास व्हाट्सएप पर मैसेज भेज रहे हैं। उसका फोन कर परेशान किया जा रहा है। आरोपी उस पर लगातार मिलने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके अश्लील फोटो बनाए हुए हैं। आरोपी उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल का यमुनानगर में रहा मिला-जुला असर

# रोडवेज एवं बिजली विभाग के कर्मियों ने दो घंटे तक सांकेतिक विरोध जताया



- आम लोगों की दैनिक गतिविधियों पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का व्यापक प्रभाव नहीं पड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

कर्मचारी संगठनों द्वारा वीरवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का यमुनानगर में मिला जुला असर देखने को मिला। हड़ताल के दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में रोष प्रदर्शन निकाल कर नारेबाजी की। आम लोगों की दैनिक गतिविधियों पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का व्यापक प्रभाव नहीं पड़ा।

वीरवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारी शहर के भगत सिंह पार्क में एकत्रित हुए। जहां नगर निगम के सफाई कर्मियों और हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी संघ के जिला प्रधान महिपाल ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कौशल रोजगार निगम को बंद करना, बड़ी संख्या में कच्चे कर्मचारियों को नियमित करना और श्रम कानूनों से जुड़े पुराने प्रावधानों को बहाल करना शामिल है। बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में प्रदर्शन किया और बाद में संयुक्त धरने में शामिल हुए। रोडवेज और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने करीब दो घंटे तक सांकेतिक विरोध जताया जबकि नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सामान्य रहीं।

बैंकों के हड़ताल में शामिल होने के कारण शाखाओं में कामकाज प्रभावित रहा और कई एटीएम में नकदी की कमी देखने को मिली। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर स्थिति नियंत्रण में रही। यमुनानगर रोडवेज डिपो में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन अधिकांश रूटों पर बसों का संचालन सामान्य रहा और यात्रियों की आवाजाही भी जारी रही। रोडवेज के कर्मचारी नेताओं ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाने और अन्य लंबित मांगों को लेकर यह सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की पूर्व घोषणा कर दी गई थी और आगे भी मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### सरकार की गलत नीतियों के कारण हर वर्ग सड़क पर उतरने को मजबूर



**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज प्रदेश का हर वर्ग अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हो रहा है। भाजपा सरकार में ना युवाओं को रोजगार मिल रहा है और ना ही कर्मचारियों की मांगें पूरी की जा रही हैं। वहीं, बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काटी जा रही है। उक्त शब्द कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने वीरवार को जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय में कहे। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है। यहां तक कि अदालत के निर्देशों को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग कोई नई नहीं है। वर्षों से कर्मचारी नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कर्मचारियों को बार बार आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। जिससे उनमें भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि जब सरकार संवेदनशीलता नहीं दिखाती है। तब कर्मचारियों को मजबूरी में हड़ताल जैसे कदम उठाने पड़ते हैं। रमन त्यागी ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसानों को भी अपनी मांगों को लेकर लंबे समय तक सड़कों पर बैठना पड़ा। धरने देने पड़े और आंदोलन करना पड़ा। दो दिन पहले ही सड़क निर्माण को लेकर किसानों को रोड जाम तक करना पड़ा। यह स्थिति दर्शाती है कि सरकार जनता और मेहनतकश वर्ग की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। कांग्रेस के विस नेता रमन त्यागी ने कहा कि प्रदेश में विकास के दावे तो किए जाते हैं। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों की मांगों पर तुरंत सकारात्मक निर्णय लिए जाने और कच्चे कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग की है। ताकि वह सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद ही समाधान का रास्ता है। इसलिए सरकार को आंदोलनरत कर्मचारियों से बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए।



**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित युवा बजट संवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा।

### केंद्र सरकार द्वारा युवा शक्ति को सशक्त बनाने का किया जा रहा है प्रयास : सपरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

- भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय में युवा बजट संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन
- भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में वीरवार को जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में युवा बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने की।

मुख्यातिथि एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गत दिनों संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट में युवा शक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में युवाओं के लिए जो प्रावधान किए गए हैं उस पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। सपरा ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस दौरान बजटीय आवंटन में शिक्षा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये का मेगा प्लान तैयार किया गया है। बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक गलियारों के पास पांच नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप स्थापित किए जाने का प्रावधान है। वहीं, विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित संस्थानों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाए जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हास्पिटेलिटीस की स्थापना की जाएगी और पर्यटन क्षेत्र में करियर बनाने वाले 10 हजार गाइड्स के कौशल विकास की योजना शुरू होगी। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए एमएसएमई सेक्टर को बिना गारंटी तत्काल लोन देने की व्यवस्था की गई है।

## काटी जा रही बुढ़ापा सम्मान पेंशन के विरोध में 20 को पंचकूला में विरोध प्रदर्शन करेगी इनेलो : सुढ़ैल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सुढ़ैल ने बताया कि कि जो बुढ़ापा पेंशन चौधरी देवीलाल ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए बनाई थी उसे भाजपा सरकार ने कई शर्तें लगाकर एक लाख से ऊपर बुजुर्गों का पेंशन काट दी। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि 1 नवंबर से 3200 रुपए पेंशन देंगे। लेकिन पेंशन बढ़ाना को दूर उल्टा भाजपा सरकार पेंशन काटने में लगी है। सरकार द्वारा काटी जा रही बुढ़ापा सम्मान पेंशन के विरोध में 20 फरवरी को पंचकूला में विरोध प्रदर्शन करेंगे । जिसमें हजारों की तादाद में जिन बुजुर्गों की पेंशन काटी गई है वो और पार्टी के



यमुनानगर में जानकारी देते इनैलो प्रदेश प्रवक्ता।

पदाधिकारी और वर्कर के साथ राज्यपाल को ज्ञापन देंगे।

अर्जुन सुढ़ैल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मीडिया में अपनी कमी तो बताई नहीं बल्कि उल्टा विपक्ष पर आरोप लगा रहे थे। सुढैल ने बताया कि अगर सरकार ने किसी की पेंशन नहीं काटी है तो गांव

- जो बुढ़ापा पेंशन चौधरी देवीलाल ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए बनाई थी उसे भाजपा सरकार ने कई शर्तें लगाकर एक लाख से ऊपर बुजुर्गों का पेंशन काट दी
- अर्जुन सुढ़ैल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मीडिया में अपनी कमी तो बताई नहीं बल्कि उल्टा विपक्ष पर आरोप लगा रहे थे

गांव में यह प्रचार क्यों किया जा रहा है कि वे अपने सर्टिफिकेट जमा कराएं। हमारी मांग है कि भाजपा सरकार बिना शर्त सभी बुजुर्गों को पेंशन दे। 1987 में चौधरी देवीलाल ने पेंशन शुरू की थी। तब उन्होंने यह कहा था कि जिसकी उम्र 65 साल है उन सभी बुजुर्गों को पेंशन मिलेगी।

## ह्यूमन वैल्यूज, प्रोफेशनल और एथिक्स जिम्मेदारी पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

- शहर के गुरु नानक खालसा कॉलेज में चल रहा सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

शहर के गुरु नानक खालसा कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तीसरे दिन वीरवार को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत क्वालिटी एजुकेशन के लिए फैकल्टी को मजबूत बनाने पर विचार प्रस्तुत किए गए। मुख्यवक्ताओं ने ह्यूमन वैल्यूज, एथिक्स और प्रोफेशनल जिम्मेदारी पर अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम में जीएचजी खालसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गुरुसर सधार लुधियाना के प्रिंसिपल डॉ. परगट सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 की प्लानिंग और उसे लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने इनोवेटिव पेडागॉजी, होलिस्टिक इवैल्यूएशन के लिए सेमेस्टर सिस्टम और एम्प्लॉयमेंट बढ़ाने के लिए वैल्यू एडेड कोर्स के महत्व पर जोर दिया। टीचर्स को सच्चे नेशन बिल्डर बताते हुए उन्होंने कहा कि ह्यूमन वैल्यूज एक प्रोग्रेसिव समाज की नींव हैं।

कार्यक्रम के दूसरे सेशन में सोहन लाल डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन अंबाला सिटी के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. विवेक कोहली ने भारतीय एजुकेशनल फिलॉसफी और कल्चरल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एजुकेशन भारतीय मूल्यों और परंपराओं पर आधारित होनी चाहिए।

# सभी विभाग समन्वय से कार्य करें योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

बच्चों के संरक्षण, कल्याण और उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न योजनाओं तथा व्यवस्थाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त प्रीति ने की। बैठक में जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य में बच्चों के संरक्षण, कल्याण और उनके अधिकारों से संबंधित विभिन्न योजनाओं तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था।

बैठक के दौरान उपायुक्त प्रीति ने बाल संरक्षण, बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह रोकथाम और बाल देखभाल संस्थाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन और संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही की प्रगति पर भी विशेष ध्यान दिया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने जिले में चल रहे बाल देख रेख संस्थानों के बच्चों के सुरक्षित वातावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर



**यमुनानगर।** बाल कल्याण समिति की अध्यक्षता करती उपायुक्त प्रीति। *फोटो : हरिभूमि*

चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा चिन्हित मामलों में समय-सीमा और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे है। सभी बच्चों को योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र बच्चों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। इस अवसर पर सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य सुशील गुलाटी, पूनम अग्रवाल, अधिवक्ता मोनिका, कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया हवन बारहवीं के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वीरवार को बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों के बेहतर परिणाम व सभी के लिए सुख शांति की कामना को लेकर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान दसवीं से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने मिलकर आहुतियां डाली। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा, विश्वास शर्मा, प्रिंसीपल कमलेश सिक्का ने सभी स्टाफ सदस्यों व बच्चों के साथ मिलकर पूजा अर्चना की। जीएस शर्मा ने सभी बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए कहा कि किसी भी कार्य में सफलता के लिए पूजा अर्चना करना अति आवश्यक है। इससे जहां हमारा मन भी निर्मल होता है वहीं हमारे बच्चों में भी संस्कार फलीभूत होते हैं। प्रिंसीपल कमलेश सिक्का ने भी बच्चों को परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया तथा सभी के साथ मिलकर आहुतियां डाली। मौके पर बच्चों को प्रशाद भी वितरित किया। इस अवसर पर इंद्रप्रीत कौर, सुनीता शर्मा, रेणू शर्मा, अंजलि, अनिता जांगड़ा, मंजु शर्मा, सोनिया वर्मा, मधु, चक्षु, सुभाष, अनिता शर्मा व ब्रिज धीमान आदि मौजूद थे।



### जेएमआईटी रादौर की टीम ने एमएलएन कॉलेज रादौर की टीम को हराकर जीती प्रतियोगिता

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को मुकंद वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जेएमआईटी रादौर, जेएमआईईटीआई एमएलएन कॉलेज रादौर, एमएलएन कॉलेज यमुनानगर, एसजेपी दामला, टी आ ई एम टी , यमुनानगर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जेएमआईटी रादौर की टीम ने एमएलएन कॉलेज रादौर की टीम को हराकर प्रतियोगिता जीती। मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. यू. पी. सिंह संयोजक खेल, डॉ. गुलशन कंबोज खेल प्रभारी, डॉ. एलएस रीन एचओडी, एप्लाइड साइंस, प्राची सेठ असिस्टेंट प्रोफेसर, बायोलॉजी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### दो करोड़ 12 लाख रुपये से होंगे विकास कार्य मेयर और विधायक ने किया शिलान्यास

**यमुनानगर।** मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के साथ निगम के चार वार्डों में दो करोड़ 12 लाख की लागत से होने वाले आठ विकास कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास के साथ ही मेयर व विधायक ने नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सबसे पहले पार्षद मनु कृष्ण सिंगला के साथ वार्ड 15 में 69.36 लाख की लागत से रादौर रोड पर टाइल लगाने व नाले के निर्माण का कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने वार्ड 15 की ही संत नगर कॉलोनी में 16.31 लाख की लागत से बनने वाली गली व नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वार्ड 15 में ही उन्होंने 13.14 लाख की लागत से पुराना रादौर रोड पर विभिन्न गलियों का शिलान्यास किया। मेयर व विधायक ने पार्षद संदीप धीमान की उपस्थिति में 30.88 लाख की लागत से लक्ष्मी नगर में गली व स्टॉर्म वाटर लाइन के निर्माण और वार्ड 16 की ही चांदपुर कॉलोनी में 21.15 लाख की लागत से सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



### लोकल केबल टीवी नेटवर्क ऑपरेटर ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल पर पंद्रह दिन में करवाएं रजिस्ट्रेशन

**यमुनानगर।** जिला के सभी केबल टीवी नेटवर्क ऑपरेटरों को प्रशासन ने पंद्रह दिन के भीतर ब्राडकास्ट सेवा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिलास्तरीय लोकल केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति के चेयरमैन एवं उपायुक्त प्रीति ने जानकारी दी है। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि पंद्रह दिन के भीतर ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए लोकल केबल टीवी नेटवर्क आपरेटर टोल फ्री नंबर या फिर आईसीओ डाट डीएएसआई जीओवी डाट इन पर ईमेल कर सकते है। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि पंद्रह दिन के अंदर कोई केबल ऑपरेटर अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इस दौरान उपायुक्त प्रीति की अध्यक्षता में जिला सचिवालय में लोकल केबल टीवी नेटवर्क निगरानी के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त प्रीति ने कहा कि समिति निगरानी रखे कि लोकल केबल नेटवर्क द्वारा केबल टीवी नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम 1995 की सभी हिदायतों की पालना सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने कहा कि लोकल केबल टीवी नेटवर्क द्वारा दूरदर्शन के अनिवार्य चैनलों का प्रसारण करना आवश्यक है।



# विकास कार्यों में गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा कोई समझौता : मेयर

**श्मशान घाट जैसे संवेदनशील स्थान पर सफाई का ध्यान रखें**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

ट्विन सिटी (यमुनानगर जगाधरी) में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, नालों की सफाई व निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम के वार्ड 6, 7 व 22 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार को सबसे पहले अधिकारियों के साथ गोविंदपुरा के श्मशान घाट का दौरा किया। यहां उन्होंने सफाई व्यवस्था, पेयजल, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। जिस पर मेयर ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट जैसे संवेदनशील स्थान पर स्वच्छता व व्यवस्थाएं बेहतर रहनी चाहिए। इसके बाद मेयर ने वार्ड नंबर 6 गढ़ी गांव के श्मशान घाट के पीछे और वार्ड 7 में स्वामी विवेकानंद स्कूल के पास जगाधरी से आ रहे बड़े नाले का निरीक्षण किया। मौके पर नाले की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। नाले की ऊंचाई कम होने के कारण पास में एकत्रित किया गया कबाड़ भी नाले में गिरा हुआ पाया गया। जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही थी।

- मेयर ने अधिकारियों के साथ गोविंदपुरा के श्मशान घाट का दौरा किया



**यमुनानगर।** सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

मेयर ने अधिकारियों को नाले की शीघ्र सफाई कराने और आसपास जमा कबाड़ को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर 22 के संजय विहार में निर्माणाधीन सड़क का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम की अभियंता शाखा के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करने व आवश्यक संशोधन कर जल निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### नगर निगम यमुनानगर द्वारा आरडीएफ के प्रयोग को लेकर अधिकारियों की बैठक संपन्न

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को वैज्ञानिक बनाने की दिशा में निगम ने उठाया कदम : धीरज

- ठोस कचरे के सुरक्षित और प्रभावी निस्तारण को लेकर दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

आरडीएफ के प्रयोग को लेकर नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने की। उन्होंने ठोस कचरे के सुरक्षित और प्रभावी निस्तारण को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। शहर में डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण व प्रोसेसिंग का कार्य कर रही नगर निगम की अधिकृत एजेंसी ने ग्लोबल पैनल इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ औपचारिक समझौता (एमओयू) किया है।

इस समझौते के तहत प्रोसेसिंग के बाद तैयार किए गए आरडीएफ (रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल) का उपयोग अधिकृत औद्योगिक इकाइयों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में प्रतिदिन उत्पन्न हो रहे ठोस कचरे के सुरक्षित और प्रभावी निस्तारण को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है। कचरे का स्रोत पर पृथक्करण करने के बाद उसे मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर (एमआरएफ) में प्रोसेस किया जाएगा। इसके पश्चात कैल कचरा प्लांट में तैयार आरडीएफ को औद्योगिक उपयोग के लिए भेजा जाएगा। जिससे कचरे का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा। इस पहल से शहर की डंप साइट और लैंडफिल पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। अब तक प्रोसेसिंग के बाद बचने वाला ज्वलनशील कचरा लंबे समय तक कैल कचरा निस्तारण प्लांट पर जमा रहता था। जिससे पर्यावरण प्रदूषण व प्लांट में जगह नहीं रहने की समस्या उत्पन्न होती थी। नई व्यवस्था के अंतर्गत इस कचरे को वैकल्पिक ईंधन के रूप में प्रयोग में लाया जाएगा। जिससे न केवल कचरे की मात्रा घटेगी बल्कि ऊर्जा संसाधन के रूप में उसका उपयोग भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि तैयार आरडीएफ का उपयोग केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्वीकृत औद्योगिक इकाइयों में को प्रोसेसिंग अथवा वैकल्पिक ईंधन के रूप में किया जाएगा। इससे औद्योगिक ईंधन की खपत में आंशिक कमी आएगी और कचरे का पर्यावरण अनुकूल निष्पादन संभव हो सकेगा।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में आरडीएफ के प्रयोग को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए महत्वपूर्ण कदम**

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन ने बताया कि कचरे के संग्रहण से लेकर उसके अंतिम उपयोग तक की यह सुव्यवस्थित श्रृंखला शहर को जीरो वेस्ट मॉडल की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही यह पहल स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के दृष्टिगत भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रोसेस्ड कचरे के अधिकृत औद्योगिक उपयोग से नगर निगम के प्रदर्शन में सुधार होगा और शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने में यह व्यवस्था प्रभावी भूमिका निभाएगी।

केयू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ

# मनुष्य प्रकृति का हिस्सा, स्वामी नहीं: डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा



कुरुक्षेत्र। सम्मेलन का शुभारंभ करते हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के चेयरमैन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा गुरुवार को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन बायोडायवर्सिटी एंड क्लाइमेट चेंज: चैलेंजेज एंड मैनेजमेंट विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रख्यात वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन सत्र में हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के चेयरमैन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. शर्मा ने कहा कि मनुष्य प्रकृति का हिस्सा है, स्वामी नहीं। उन्होंने कहा कि आधुनिक भौतिकवादी समाज ने प्रकृति को केवल उपभोग की वस्तु और संसाधन के भंडार के रूप में देखना शुरू कर दिया है। इस दृष्टिकोण ने मनुष्य को प्रकृति पर वर्चस्व स्थापित करने की मानसिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का क्षरण, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि यह सोच मानव-केंद्रित ष्टिकोण का परिणाम है, जिसमें मनुष्य स्वयं को प्रकृति से ऊपर समझता है। यह अहंकारी दृष्टिकोण अंततः आत्म-विनाश की ओर ले जाता है, क्योंकि प्रकृति के संतुलन से छेड़छाड़ का दुष्परिणाम मानव समाज को ही भुगतना पड़ता है। जब तक मनुष्य प्रकृति को केवल वैज्ञानिक या आर्थिक दृष्टि से देखता रहेगा, तब तक वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व और करुणा का भाव विकसित करना ही सच्चा पारिस्थितिक बदलाव है। उन्होंने कहा कि यदि मानव सभ्यता को स्थायी और सुरक्षित भविष्य चाहिए, तो उसे प्रकृति के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि साझेदारी का मार्ग अपनाना होगा। पारिस्थितिक संतुलन की बहाली ही मानव अस्तित्व की सुरक्षा की गारंटी है। वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. योगेश कुमार ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों, पारिस्थितिक संतुलन, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग तथा प्रभावी प्रबंधन पर गहन विचार-विमर्श करना है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. अशोक अग्रवाल, प्रो. नरेन्द्र प्रो. योगेश, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. आशीष प्रसाद, प्रो एनके माटा, प्रो. रतन यादव, प्रो. आरसी यादव, प्रो. यशपाल शर्मा, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. सुनीता दलाल, प्रो. परमेश कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद

### जैव विविधता संरक्षण से ही सुरक्षित होगा भविष्य

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि जैव विविधता संरक्षण से ही धरती पर मनुष्य का भविष्य सुरक्षित होगा। जैव विविधता का नुकसान और जलवायु परिवर्तन अलग-अलग चुनौतियाँ नहीं हैं, बल्कि ये एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए वैश्विक संकट हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के समृद्ध पारिस्थितिक तंत्र जैसे वन, आर्द्रभूमि (वेटलैंड), घासभूमि और महासागर जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि इन तंत्रों में से किसी एक को भी नुकसान पहुंचता है, तो इसका असर पूरे पर्यावरण पर पड़ता है।

## रोष मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, मांगों का सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारी मजदूर विरोधी लेबर कोड्स के विरोध में कई संगठनों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ट्रेड यूनियंस के आह्वान पर राष्टव्यापी हड़ताल का जिला में मिलाजुला असर रहा। कई सरकारी विभागों में कार्य प्रभावित रहा। घर-घर से कचरा एकत्रित करने वाले टिपर चालक व हेल्पर भी हड़ताल में शामिल हुए जिस कारण घरों से कचरे का उठान नही हुआ। वही रोडवेज व अन्य सेवाओं पर हड़ताल का असर नही रहा। विभिन्न संगठनों के कर्मचारी हड़ताल रख ताज पार्क में एकत्रित हुए। हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ जिला कुरुक्षेत्र एवं रिटायर कर्मचारी संघ महासंघ और एटक, किसान सभा, पार्ट टाइम स्वीपर शिक्षा विभाग, आशा वर्कर, मिड डे मील वर्कर, जन संघर्ष मंच व डोर-टू-डोर कर्मचारी एसोसिशन ने भाग लिया। अध्यक्षता जिला प्रधान रामनाथ, आशा वर्कर राज्य उप प्रधान रानी देवी, लाल देवी मिड डे मील वर्कर राज्य प्रधान ने अध्यक्षता की। मंच का संचालन संदीप नरवाल जिला सचिव व दयानंद रिटायर कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान ने किया। ताज पार्क से सभी कर्मचारी रोष मार्च निकालते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।


कुरुक्षेत्र। ताज पार्क में धरने पर बैठे कर्मचारी।

### कर्मचारियों के अधिकारों पर लगातार हमले किए जा रहे

सर्व कर्मचारी संघ के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी संदीप सांगवान ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण कर्मचारियों के अधिकारों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। चारों लेबर कोड लागू कर स्थायी रोजगार, न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, पुरानी पेंशन और यूनियन अधिकारों को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। देश और प्रदेश आज एक गहरे, सुनियोजित और बहुआयामी हमले के दौर से गुजर रहे हैं। पूँजीपतियों के भले के लिए सरकारी विभागों का निजीकरण व ठेकाकरण किया जा रहा है, केन्द्रीकरण और साम्प्रदायिकता को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी विभागों को जान-बूझकर सिकोड़ा जा रहा है ताकि सार्वजनिक सेवाओं को बाजार के हवाले किया जा सके। इसका सीधा परिणाम है महंगी, असुरक्षित और अविश्वसनीय जनसेवाएँ तथा भय, अस्थिरता और अनिश्चित भविष्य से जूझता कर्मचारी वर्ग। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 21 नवम्बर 2025 को जारी नए लेबर कोड, पेंशन और ठेकाकरण चारों नई श्रम संहिताएँ मजदूर-कर्मचारी विरोधी सोच का खुला ऐलान हैं। इनका मकसद श्रम को सस्ता, असुरक्षित और मालिकों के अधीन बनाना है। इस अवसर पर विशाल ब्लॉक प्रधान थानेसर, जिला कैशियर बिट्टू रंग, आशा वर्कर प्रधान मनजीत, पिंकी देवी सचिव, रिटायर कर्मचारी संघ जिला प्रधान ओमप्रकाश, मिड डे मील वर्कर जिला प्रधान रोशनी देवी, संत कुमार, किसान सभा से राजकुमार, ओम प्रकाश शास्त्री, जन संघर्ष मंच उषा देवी, कविता, रामेश्वर, भीम सिंह सैनी, करनैल सिंह, राकेश, रोशन लाल, राहुल, निर्मला, रामपाल, बलजीत कुंडू, सुरेंद्र यादव पब्लिक हेल्थ पूर्व प्रधान आदि मौजूद रहे।

### हॉस्टल मैस वर्कर यूनियन ने किया रोष प्रदर्शन

देशव्यापी हड़ताल में हॉस्टल मैस वर्कर यूनियन ने हिस्सा लिया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन प्रधान सुभाष पारचा ने किया। सुभाष पारचा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन मैस कर्मचारियों के पक्के आनाकानी कर रहा जबकि लेबर कोर्ट और हाई कोर्ट मैंस कर्मचारियों के फैसला किया है और विश्वविद्यालय प्रशासन आज मैस कर्मचारियों को अपना कर्मचारी माननें के तैयार नहीं है। इस लिए मैस वर्कर यूनियन विश्वविद्यालय प्रशासन और हरियाणा सरकार से मांग करता है कि मैस कर्मचारियों जल्दी से पक्का किया जाए। इस प्रदर्शन में एसएफआई से रोहित व मधुबाला ने समर्थन किया। प्रदर्शन में यूनियन ने उपप्रधान ख्याली राम, महासचिव




कृष्ण चंद सैनी, मुख्य सहलाकर रजनीश मिश्रा, सहसचिव उमाशंकर, कोषाध्यक्ष अमन कुमार दुग्गल, लेखा निरीक्षक सुशील दीक्षित, प्रैस सचिव भारत लाल प्रचार सचिव रोबी राणा, अनिरुद्ध पाल, सुशील मिश्रा, आनन्द सिंह, अर्जुन सिंह, अमित कुमार और मैस कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुए।

### पिहोवा में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



पिहोवा। केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर पिहोवा ब्लॉक के सभी विभागों के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लिया। ब्लॉक सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सभी विभागों के कर्मचारी पिहोवा चौक के नजदीक एकत्रित होकर जुलूस निकाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सफल हड़ताल की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान बलवान मोर ने की और संचालन ब्लॉक सचिव गुरचरण संधु ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अध्यापक संघ के जिला प्रधान वीरेंद्र सिंह गढी रोड़ान ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल किसी एक वर्ग, विभाग की नहीं है यह संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनसेवा बचाने की लडाई है।

### कुंटिया कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



कुंटिया प्रेस सचिव जगदीप सिंह ने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटीज इम्प्लोयेज फेडरेशन के आह्वान पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कर्मचारी हड़ताल पर रहे और विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने सरकार से मांग की कि केंद्र व हरियाणा सरकार की सभी कर्मचारी विरोधी नीतियों को तुरंत रद्द किया जाए और सरकार के सत्र की सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आज की राष्ट्र व्यापी हड़ताल व विरोध प्रदर्शन सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया गया। इस अवसर पर कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर, वरिष्ठ उप प्रधान चन्द्र पाल, उप प्रधान राकेश कुमार, सह सचिव मनीष बालदा, प्रेस सचिव जगदीप सिंह आदि रहे।

## डीटीपी की टीम ने शाहबाद के गांव छपरा में अवैध कॉलोनी को गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा शाहबाद के गांव छपरा में 7.5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद के गांव छपरा में लगभग 7.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी नवीन कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने शाहबाद में राजस्व संपदा



शाहबाद के गांव छपरा में लगभग 7.5 एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनी में बनी चारदीवारी सहित अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। छपरा में लगभग 7.5 एकड़ में अवैध कालोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।



### जनसंघर्ष मंच हरियाणा ने किया रोष प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में जन संघर्ष मंच हरियाणा, मनरेगा मजदूर यूनियन और निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के बैनर तले नया बस अड्डा, कुरुक्षेत्र पर मजदूर इकट्ठा हुए और नारे लगते हुए ताज पार्क पँहुचे और वहाँ अन्य जन संगठनों,मजदूर कर्मचारी यूनियनों के साथ मिलकर जनसभा में शामिल हुए। जन सभा को संबोधित करते हुए जन संघर्ष मंच हरियाणा की नेत्री कविता विद्रोही ने कहा कि मजदूर संगठनों के विरोध किये जाने पर भी केंद्र सरकार ने 21 नवंबर 2025 को नई चार मजदूर-विरोधी श्रम-संहिताओं को लागू कर दिया है। जिन श्रम कानूनों में मजदूर वर्ग के लिए थोड़ी बहुत राहत मिल भी रही थी इन संहिताओं के लागू होने से वह भी जाती रही और पूंजीपति वर्ग के लिए मजदूरों के निर्बाध शोषण का रास्ता खुल गया। ये श्रम संहिताएं मजदूर वर्ग को गुलामी की तरफ धकेलने का काम कर रही हैं।

## स्वामी विवेकानंद ने मजबूत मन को बताया था राष्ट्र को महान बनाने का मूत्र मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। मंचासीन हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, स्वामी रामदेव व अन्य।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने हमें वेदों की ओर लौटने का संदेश दिया था। वेदों में हर समस्या का समाधान समाहित है। हमारे महापुरुष इस बात को भलीभांति जानते थे। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मजबूत शरीर और मजबूत मन ही राष्ट्र को महान बनाते हैं। यह कार्यक्रम हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवंत उत्सव है, जो महर्षि दयानंद सरस्वती के जयंती वर्ष को समर्पित है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपरा की समृद्धि के लिए अतुलनीय योगदान दिया। सामाजिक सुधार के उनके प्रयास देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज बने रहेंगे। महापुरुषों ने हमें आत्मविश्वास, अनुशासन, परिश्रम और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी वीरवार को ब्रह्मसरोवर पर महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती व स्वामी श्रद्धानंद की बलिदान शताब्दी पर आयोजित चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के समापन अवसर पर बोल रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी का हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।


कुरुक्षेत्र। प्रभातफेरी के आयोजक शर्मा परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी।

### प्रभातफेरी में भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति द्वारा सेक्टर 13 में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से होली उत्सव के उपलक्ष्य में सुरेन्द्र शर्मा, श्रीमति अनीता शर्मा व सोनिया ने समस्त सैक्टर वासियों के सहयोग से इस प्रभात फेरी का आयोजन किया। भजन रसिकों द्वारा सुनील वत्स के नेतृत्व में गाए भजनों का श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से खूब आनंद उठाया। सोणा नि सोह्णा मेरा श्याम, नि मैं वारी जावां....तथा मेरे सदगुरू दा मंदिर कमाल बन्या...जैसे भक्तिमय भजनों पर श्रदालु झूम उठे और युगल सरकार की जोड़ी के सामने जमकर नाचे। प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। भजन कीर्तन की गूंज से सारा वातावरण पूर्णत भक्तिरस से सराबोर हो गया तथा चारों और आध्यात्मिक उल्लास की अनोखी छठा देखने को मिली। होली के उपलक्ष्य में आयोजित की गई इस प्रभात फेरी के आयोजक शर्मा परिवार को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

## अभियान: 500 से अधिक छात्राएं बनीं डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नवीन अवसर पहल के तहत और निमाया फाउंडेशन के सहयोग से चलाया जा रहा जेनएआई रेडी नारी कार्यक्रम जिले की छात्राओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के माध्यम से अब तक 500 से अधिक छात्राओं को आधुनिक डिजिटल तकनीक और जनरेटिव एआई का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को नए डिजिटल टूल्स का उपयोग सिखाया जा रहा है, साथ ही आज के समय में जरूरी कौशल भी विकसित किए जा रहे हैं, ताकि वे बदलती तकनीकी दुनिया में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। सांसद नवीन जिन्दल और निमाया फाउंडेशन की सह-संस्थापक नव्या नवेली नंदा द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम की समीक्षा की जा रही हैं, ताकि यह प्रशिक्षण वर्तमान जरूरतों के अनुसार उपयोगी और प्रभावी बना रहे। ।ह कार्यक्रम सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम गर्ल्स कॉलेज, राजकीय महिला आईटीआई कुरुक्षेत्र, राजकीय आईटीआई कुरुक्षेत्र, चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज, जेएमआईटी रादौर और आरकेएसडी कॉलेज कैथल सहित कई शिक्षण संस्थानों में सफलतापूर्वक चल रहा है। कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर प्रमुख अभिषेक सहगल ने बताया कि छात्राओं की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक है।



कुरुक्षेत्र। बाल विवाह मुक्ति रथ जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बाल कल्याण समिति अध्यक्ष व अन्य।

### बाल विवाह मुक्ति रथ को किया रवाना

कुरुक्षेत्र। एमडीडी ऑफ इंडिया, द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीदासपुर मे बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव मुदगिल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य सौरभ बटला, सोनिया कौशिक और एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल, स्कूल के अध्यापक राजपाल, सुमन, अनीता, मीनू, संतोष, रेनू,अनिल, नरेश और सभी बच्चे उपस्थित रहे। आये हुये सभी अतिथियों का प्रिंसिपल सुनीता सागवान ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, सदस्य और स्कूल के सभी अध्यपकों ने बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प के तहत हस्ताक्षर किए और समाज से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का आह्वान किया।

### रोस्ट्रम प्रतियोगिता के प्रथम चरण में छात्रा सिया ढींगरा प्रथम

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित विधि संस्थान में रोस्ट्रम प्रतियोगिता के प्रथम चरण संस्थान के निदेशक प्रो. अमित लूदरी के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रो. अमित लूदरी ने कहा कि प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है जो उसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। कंवीनर डॉ. कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में संस्थान के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में सिया ढींगरा ने प्रथम, मन्नत ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान सिद्धार्थ वालिया ने प्राप्त किया।

## महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भगवा रंग में रंगेगी धर्मनगरी

# धर्मनगरी में आज निकलेगी मेरे भोले की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में मेरे भोले की बारात भव्य रूप से निकाली जाएगी। शिवरात्रि सेवा मंडल द्वारा शहर की अनेक धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से श्री दुःख भंजन महादेव मंदिर कुरुक्षेत्र में इस बार 13 फरवरी को मेरे भोले की बारात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शिवरात्रि सेवा मंडल के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। वीरवार को दुःखभंजन


कुरुक्षेत्र। जानकारी देते मनोज परुथी व मौजूद अन्य।

महादेव मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में राधा कृष्ण की भव्य झांकियां व पुष्प वर्षा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। शुक्रवार 13 फरवरी को मेरे भोले की बारात आयोजित होगी। इस दौरान सुबह दुःखभंजन महादेव मंदिर में बाबा पंचामृत स्नान उपरांत बारात में शामिल होने आए सभी श्रद्धालुओं को नाश्ता कराया जाएगा। सुबह 11 बजे मंदिर परिसर से भोले बाबा की बारात प्रस्थान करेगी। यह बारात दुःखभंजन मंदिर से आरंभ होकर गुरुद्वारा छठी पातशाही, सीकरी चौक, सब्जी मंडी, शीतला माता मंदिर, पुराना बस अड्डा, अंबेडकर चौक, परशुराम चौक, न्यू कॉलोनी, गोल बैंक, पटेल नगर, न्यू कॉलोनी, पटेल नगर से होती हुई नंगली वाली कुटिया में पहुंचेगी जहां भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह संपन्न होगा। शाम 5 बजे के बाद नंगली वाली कुटिया से भोलेनाथ माता पार्वती को लेकर दुःखभंजन महादेव मंदिर में पहुंचेंगे।

### भोले की बारात के ये होंगे मुख्य आकर्षण

इस बार भोले की बारात में अमरनाथ बफार्नी जी के दर्शन, अघोरी नृत्य, 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन, काली नृत्य, वायुयान द्वारा पुष्प वर्षा और रंगीन आतिशबाजी, 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन आदि विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।

### इन संस्थाओं की रहेगी विशेष भागीदारी

मेरे भोले की बारात के भव्य आयोजन में जहां शिवरात्रि सेवा मंडल मुख्य रूप से सेवा कार्य में जुटी हुई है वहीं श्री ब्राह्मण एवं तीथोर्धार सभा, श्री शिव शक्ति सेवा मंडल, श्री अद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम, श्री जयराम विद्यापीठ, हर हर महादेव सेवा मंडल, बफार्नी सेवा मंडल, जेसीआई कुरूक्षेत्र, फिनिक्स क्लब और जेसीआई कुरूक्षेत्र सिटी भी इस कार्यक्रम के आयोजन में जुटे हुए हैं।

